भजन

तेरे जैसे हो जायेंगे जब इश्क हमें मिल जाएगा
कुछ और नजर न आयेगा, जब इश्क हमें मिल जाएगा

1 भूले थे इश्क बिना तुमको, कुछ याद रहा था न हमको
तुम्हें इश्क से ही पाएंगे, जब इश्क हमे मिल जाएगा

2 हर बात गंवारा कर लेगे, दुनिया से किनारा कर लेंगे
परआतम में जग जाएगें, जब इश्क हमें मिल जाएगा

3 ना कहनी में कह पाएंगे, न सुनने में रह जाएंगे
रूह की रहनी में आएंगे, जब इश्क हमें मिल जाएगा।

4 यह बात है निसवत से कहते, हम तेरी वाहेदत में रहते
तेरे इश्क में खो जायेंगे, जब इश्क हमें मिल जाएगा

5 है इश्क सुराही दिल तेरा, दिल इश्क भरा प्याला- मेरा
फिर जाम छलक हो जायेंगे,जब इश्क हमें मिल जाएगा